# पीएम मोदी ने जाना मेट्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर गर्ग का हाल-चाल

**पंजाबी बाग।।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मेट्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर गर्ग को 21 अप्रैल को फोन कर उनसे बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने डॉ. गर्ग से मेट्स परिवार के हालचाल के बारे में भी पूछा तथा 51 लाख रूपये की दान राशि के लिए मेट्स परिवार का आभार जताया। पीएम से बातचीत के बाद डॉ. गर्ग ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह एक विलक्षण चारित्रिक विशेषता है कि वह अपने सभी नए-पुराने मित्रों को हमेशा याद रखते हैं तथा कठिनाई के दौर में सभी का मनोबल बढ़ाते हैं। डॉ. गर्ग ने बताया कि पीएम मोदी ने मेरे संपूर्ण परिवार तथा मेट्स परिवार के विषय में बात की। बातचीत के दौरान ये चर्चा भी हुई कि मेट्स परिवार के सदस्यों- मैनेजमेंट, फैकल्टी स्टाफ,

**फोन पर हुई इस बातचीत के बाद मेट्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर गर्ग ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी प्रभु से यही कामना करते हैं कि पीएम पूर्ण रूप से स्वस्थ रहें**

स्टूडेंट्स ने मिलकर पीएम केयर्स फंड में 51 लाख रूपए की राशि जमा कराई और ऐसा करने वाला यह पहला शैक्षणिक संस्थान है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बारे में मेट्स का आभार जताते हुए इस बात के लिए भी साधुवाद दिया कि सभी सरकार के आदेशों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने लॉकडाउन के विषय में भी चर्चा की, इस बाबत डॉ. गर्ग के सुझाव भी मांगे। मेट्स के संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि यह हमारे प्रधानमंत्री का बड़प्पन

## 51 लाख रूपये की दानराशि के जताया शैक्षणिक संस्थान मेट्स का आभार

है कि वह सभी के विचार सुनते हैं तथा बहुत ही सुलझे हुए निर्णय लेते हैं। उनका सदैव यही प्रयास रहता है कि देश की जनता का अधिक से अधिक भला हो सके।

डॉ. गर्ग ने कहा कि हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। अगर विजन पास में होगा तो आपको सदैव क्रियाशील रखेगा। विचारों की शुद्धि पर बल दिया जाए। विचार ही आपको जीवंत रखते हैं। ईश्वर प्रदत्त विचार शक्ति तो मनुष्य का सबसे बड़ा धन है।

सकारात्मक विचारों में निर्माण की जो शक्ति छिपी है, वह कल्पनातीत है। सभी दार्शनिकों का मत है कि आप क्या सोचते हैं, आपकी सोच आपका व्यक्तित्व बनाती है। भारतीय दर्शन विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाने का हुनर सिखाता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने डॉ. गर्ग से अपना तथा अपने परिवार का हौंसला बनाए रखने को कहा।

फोन पर हुई इस बातचीत के बाद मेट्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर गर्ग ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी प्रभु से यही कामना करते हैं कि पीएम पूर्ण रूप से स्वस्थ रहें, देश को उनके नेतृत्व में अभी बहुत लंबी यात्रा तय करनी है। यह यात्रा सभी के स्वस्थ रहने, मानसिक संबल, शारीरिक क्षमता बढ़ाने, आत्मिक उत्थान और सभी के विकास की है। यह यात्रा सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की है ताकि सभी का कल्याण हो और सभी



सुखी हों।

डॉ. गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व सिर्फ भारत के लिए ही नहीं अपितु विश्व के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। पीएम मोदी ने वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए संपूर्ण विश्व की पीड़ा हरने का काम किया है और दिल खोलकर सभी देशों की मदद के लिए आगे आये हैं। आज संपूर्ण विश्व प्रधानमंत्री मोदी को अपने रोल मॉडल के रूप में देख रहा है। डॉ. गर्ग ने मेट्स परिवार की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में पीएम का हम सभी के लिए शुभकामना संदेश मनोबल बढ़ाने के लिए काफी है।



महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी

## साभार धन्यवाद प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम

मैं , प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूँ। प्रधान मंत्री श्री मोदी ने २१ अप्रैल २०२० को मुझसे फ़ोन पर बात कर हमारा हाल चाल लिया। प्रधान मंत्री श्री मोदी की यह एक विलक्षण चारित्रिक विशेषता है , कि वे अपने सभी मित्रों- चाहे वे नए हों या पुराने - हमेशा याद रखते हैं तथा कठिनाई के दौर में सभी का मनोबल बढ़ाते हैं। श्री मोदी ने मेरे संपूर्ण परिवार - MATES परिवार के स्वास्थ्य के विषय में बात की। बातचीत के दौरान, ये भी चर्चा हुई कि MATES परिवार के सदस्यों- मैनेजमेंट, फैकल्टी, स्टाफ, स्टूडेंट्स ने मिलकर PM केयर्स फण्ड में ५१ लाख रूपए की राशि जमा करवाई और ऐसा करने वाला यह पहला शैक्षणिक संसथान है।

प्रधान मंत्री श्री मोदी ने इस बाबत MATES का आभार जताते हुए इस बात के लिए भी साधुवाद दिया कि सभी सरकार के आदेशों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने Lockdown के विषय में भी चर्चा की। इस बाबत मेरे सुझाव भी मांगे । यह हमारे प्रधान मंत्री का बड़प्पन है की वे सभी के विचार सुनते हैं तथा बहुत ही सुलझे हुए निर्णय लेते हैं। उनका सदैव यही प्रयास रहता है की देश की जनता का अधिक से अधिक भला हो सके।

सत्य है-- सतत संघर्ष करते रहना ।

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिए । अगर VISION पास में होगा तो आपको वह सदैव क्रियाशील रखेगा। विचारों की शुद्धि पर बल दिया जाए। विचार ही आप को जीवंत रखते हैं ।ईश्वर प्रदत्त विचार शक्ति तो मनुष्य का सबसे बड़ा धन है।

सकारात्मक विचारों में निर्माण की जो शक्ति छिपी है -वह कल्पनातीत है । स्वामी विवेकानंद के शब्दों में --"We are what our thoughts have made us; so take care about what you think| Words are secondary| Thoughts live; they travel far|"

और ऐसा सभी दार्शनिकों का मत है। आप क्या सोचते हैं --आपकी सोच बनाती है- आपका व्यक्तित्व। विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल कर लेना -यह सिखाता है भारतीय दर्शन। कवि गोपालदास नीरज कहते हैं :

जिन मुश्किलों में मुस्कुराना हो मना,
उन मुश्किलों में मुस्कुराना धर्म है।

जिस वक्त जीना गैर मुमकिन सा लगे,
उस वक़्त जीना फर्ज है इंसान का,
लाजिम लहर के साथ है तब खेलना,
जब हो समुन्द्र पे नशा तूफ़ान का
जिस वायु का दीपक बुझना ध्येय हो
उस वायु में दीपक जलाना धर्म है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझसे हौसला बनाए रखने तथा अपने परिवार का हौसला बनाए रखने को कहा।

हम प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करना चाहते हैं ।प्रभु से यही मंगल कामना करते हैं कि वे पूर्ण रूप से स्वस्थ रहें ।तथा देश को उनके नेतृत्व में अभी बहुत लंबी यात्रा तय करनी है यह यात्रा है-- सभी के स्वस्थ रहने की। ये

यात्रा है मानसिक संबल की-- ये यात्रा है, शारीरिक क्षमता बढ़ाने की। यह यात्रा है, आत्मिक उत्थान की। यह यात्रा है, सभी के विकास की। यह यात्रा है, सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की। सभी का कल्याण हो सभी सुखी हों। प्रधानमंत्री श्री मोदी का नेतृत्व सिर्फ भारत के लिए ही नहीं अपितु विश्व के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। श्री मोदी ने वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ करते हुए संपूर्ण विश्व की ही पीड़ा हरने के काम किया है और दिल खोल कर वे सभी देशों की मदद के लिए आगे आये हैं।

और आज संपूर्ण विश्व श्री मोदी को अपने रोल मॉडल के रूप में देख रहा है । MATES परिवार श्री मोदी के प्रति अपना आभार प्रकट करता है कि संकट की घड़ी में उन्होंने हम सभी को शुभकामना संदेश दिया। मेट्स परिवार की शुभकामनाएं, मंगलकामनाएं-- श्री मोदी के लिए। अंत में सभी के लिए प्रार्थना है:

सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया

सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित् दुःख भाग्भवेत।

आभार सहित

डॉ नन्द किशोर गर्ग

सचिव, डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी स्मृति न्यास।

संस्थापक अध्यक्ष, MATES ।

कुलाधिपति, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश।



श्री विजय कुमार मल्होत्रा
श्रीमती राज खुराना
श्री ओमप्रकाश कोहली
श्री नंदकिशोर गर्ग
श्री ओम् प्रकाश बब्बर
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
द्वारा भाजपा दिल्ली के
वरिष्ठ नेताओं को कॉल कर
कुशलक्षेम पूछने व सम्मान करने के लिए
हृदय से आभार।
/BJP4Delhi delhi.bjp.org



# महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी


प्रियजनों,

आप सभी से अनुरोध है की आप

नमस्कार,

**कोरोना ट्रैकिंग एप आरोग्य सेतु का इस्तेमाल करें**

**भारत सरकार** का यह एप लोगों को कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे और जोखिम का आकलन करने में मदद करता है. एंड्रॉयड और आईफोन दोनों तरह के स्मार्टफोन पर इसे डाउनलोड किया जा सकता है. यह खास एप आसपास मौजूद कोरोना पॉजिटिव लोगों के बारे में पता लगाने में मदद करेगा।




एंड्रॉयड : https://play.google.com/store/apps/details?id=nic.goi.aarogyasetu

आपका धन्यवाद,

डॉ० नंद किशोर गर्ग
संस्थापक अध्यक्ष कुलाधिपति,महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय,हिमाचल प्रदेश